Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में रविवार
सायं 6:30 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में सोमवार
सुबह 6:01 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 250 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | रविवार, 31 मार्च 2024



रणदीप हुड्डा का ओपेनहाइमर पर...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश का येलो अलर्ट

**देहरादून।** आज देहरादून के साथ उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, पिथौरागढ़, टिहरी, पौड़ी, अल्मोड़ा, नैनीताल और चंपावत जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। उत्तराखंड में शनिवार को बारिश के बाद आज रविवार को दिन की शुरुआत पहाड़ से मैदान तक चटख धूप के साथ हुई। हालांकि पहाड़ों की रानी मसूरी में बादल छाए हैं। उधर, मौसम विभाग ने आज भी झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र ने पर्वतीय जिलों में बिजली चमकने के साथ 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार की झोंकेदार हवाओं के साथ ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी किया है। केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून के साथ उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, पिथौरागढ़, टिहरी, पौड़ी, अल्मोड़ा, नैनीताल और चंपावत जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। हालांकि, हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर जिले में मौसम साफ रहेगा।

### दो युवतियों ने गंगनहर में लगाई छलांग, हालत गंभीर

**रुड़की।** युवती का अपनी मां से विवाद हो गया। इससे नाराज युवती कोतवाली से बाहर निकलकर गणेशपुर पुल पर पहुंची और गंगनहर में छलांग लगा दी। दो युवतियों ने अलग-अलग जगहों से आत्महत्या करने के इरादे से गंगनहर में छलांग लगा दी। युवतियों को छलांग लगाता देख लोगों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकाला और सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों गंभीर घायल युवतियों को अस्पताल में भर्ती कराकर परिजनों को सूचित किया है। युवती ने पुलिस को बताया था कि वह एक युवक से प्यार करती है लेकिन युवक के परिजन शादी करने से इन्कार कर रहे हैं। इस बीच युवती का अपनी मां से विवाद हो गया। युवती को छलांग लगाता देख लोगों ने शोर मचा दिया।

# मोदी रुद्रपुर तो नड्डा पिथौरागढ़-विकासनगर में भरेंगे हुंकार

नई दिल्ली
एजेंसी

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि पार्टी ने केंद्रीय नेताओं के जो कार्यक्रम बना कर भेजे हैं, उनमें से पीएम मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे तय हो गए हैं। लोकसभा की पांचों सीटों पर नामांकन का चरण पूरा होने के साथ ही चुनाव प्रचार रफ्तार पकड़ लेगा। दो अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रुद्रपुर में तो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पिथौरागढ़ और विकासनगर में हुंकार भरेंगे। पार्टी दोनों स्टार प्रचारकों की चुनाव जनसभा कराने की तैयारी में जुट गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रपुर में पीएम की जनसभा की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि पार्टी ने केंद्रीय नेताओं के जो कार्यक्रम बना कर भेजे हैं, उनमें से पीएम मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे तय हो गए हैं। पीएम नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोस सीट के रुद्रपुर में जनसभा करेंगे। पीएम की रैली को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तीन और चार अप्रैल को उत्तराखंड में चुनाव प्रचार करेंगे। इस दौरान उनकी कुछ बैठकें भी होंगी। तीन अप्रैल को वह पिथौरागढ़ में अल्मोड़ा संसदीय सीट के प्रत्याशी के समर्थन में रैली करेंगे। इसके बाद उसी दिन वह टिहरी लोस के विकासनगर में जनसभा करेंगे और कोर कमेटी की बैठक में चुनाव की रणनीति बनाएंगे। चार अप्रैल को राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में रोड शो करेंगे। इसके बाद संतों के साथ बैठक करेंगे।



### कंगना भी आ सकती हैं उत्तराखंड

हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अभिनेत्री कंगना रणौत भी पार्टी का प्रचार करने के लिए उत्तराखंड आ सकती हैं। पार्टी की ओर से इसके प्रयास किए जा रहे हैं। अप्रैल माह के पहले पखवाड़े में योगी आदित्यनाथ, अमित शाह, राजनाथ, नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी समेत कई नेताओं की भी जनसभाएं होंगी।

- संबंधित खबर पेज 3 पर

झपकी आने से हुआ हादसा, दो लोग भी हैं जख्मी

# खंभे से टकराया वाहन, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

देहरादून/मुरादाबाद
हमारे संवाददाता

मुरादाबाद के कांठ इलाके में हुए हादसे में एक परिवार के चार लोगों की मौत जबकि दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सभी देहरादून के रहने वाले हैं और मुरादाबाद में रिश्तेदार के घर जा रहे थे। चालक को नींद आने की वजह से यह हादसा हुआ है।

मुरादाबाद में वाहन के पलटने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस अधिकारियों ने घायलों का हाल जाना। कांठ इलाके में सुबह तेज रफ्तार स्कॉर्पियो रेलवे क्रासिंग के पास अनियंत्रित होकर खंभे से टकराकर खाई में जा गिरी।

जोरदार आवाज आने के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। तब हादसे का पता चला। हरिद्वार हाईवे पर हुए हादसे में तीन महिलाओं समेत चार की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा एक महिला और युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी उत्तराखंड के देहरादून के रहने वाले हैं।

वह मुरादाबाद के मुगलपुरा में अपने रिश्तेदार के यहां मिलने आ रहे थे। एसपी ग्रामीण संदीप मीणा ने बताया कि चालक को नींद आने के कारण यह हादसा हुआ है। जान गंवाने वालों की पहचान संगीता रस्तोगी, आशिका रस्तोगी (19), यश रस्तोगी (26), आरती रस्तोगी (45) तौर पर हुई है। वह देहरादून के थाना तिलक रोड के गढ़ मकान नंबर 13 जी मोहल्ला डांडीपुर के रहने वाले थे।



### डेढ़ माह के बच्चे की मौत, मां सहित तीन घायल

मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर गांव हुसैनपुर के पास कार की टक्कर से बाइक पर मां की गोद से गिरकर डेढ़ माह के बच्चे की मौत हो गई। हादसे में मझोला थाना क्षेत्र निवासी बच्चे की पुष्पा सहित तीन घायल हो गए। तीनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं हादसे के बाद चालक कार छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लिया है।

# कांग्रेस को फिर लगा झटका, प्रदेश महासचिव महेश शर्मा भाजपा में शामिल

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड कांग्रेस के महासचिव रहे महेश शर्मा ने हाथ को छोड़कर भगवा धारण कर लिया है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली है देहरादून में आज प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट तथा बंशीधर भगत की अगुवाई में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, उनके साथ हल्द्वानी और कालाढूंगी विधानसभा के कई कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व 2022 में कांग्रेस के टिकट पर कालाढूंगी विधानसभा सीट से विधायक का चुनाव लड़ चुके महेश शर्मा ने आज कांग्रेस को छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया है।आज देहरादून में भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र अधिकारी ने महेश शर्मा भाजपा की सदस्यता दिलाई। माना जा रहा है कि महेश शर्मा को भाजपा ज्वाइन करने में बीजेपी के वाइस नेता महेंद्र अधिकारी की चाणक्य नीति काम आई। महेश शर्मा की नाराजगी तब सामने आई जब कांग्रेस ने नैनीताल उधमसिंह नगर सीट से प्रकाश जोशी को अपना उम्मीदवार बनाया जिसके बाद महेश शर्मा का भाजपा में जाना लगभग तय माना जा रहा था। आज महेश शर्मा ने देहरादून में भाजपा कार्यालय में भाजपा की सदस्यता ले ली है अब ऐसे में देखना होगा कि महेश शर्मा के जाने से कांग्रेस को लोकसभा चुनाव 2024 में कितना नुकसान होता है तो वहीं भाजपा को कितना फायदा मिलता है।



# खाई में गिरी टाटा सूमो, दो की मौके पर मौत, आठ घायल

देहरादून/टिहरी
हमारे संवाददाता

टाटा सूमो गजा से चांबा की ओर आ रही थी। वाहन में दस लोग सवार थे। अचानक सूमो अनियंत्रित होकर खाई में गिरी।

उत्तराखंड के टिहरी में आज रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। तहसील गजा के दुवाकोटी के पास एक टाटा सूमो खाई में गिर गई। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आठ लोग घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, टाटा सूमो गजा से चांबा की ओर आ रही थी। वाहन में दस लोग सवार थे। अचानक सूमो अनियंत्रित होकर खाई में गिरी। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ और स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जब तक टीम पहुंची दो लोगों की जान जा चुकी थी।

टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी है। आठ घायलों को गजा चिकित्सालय ले जाया गया। वहीं, दो घायल घटना स्थल से नरेंद्रनगर ले जाए गए।




# स्पा सेंटर में चल रहे गोरखधंधे का भंडाफोड़, छह लोग दबोचे

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

पुलिस ने नैनीताल रोड में संचालित स्पा सेंटर में अनैतिक देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने स्पा सेंटर से 6आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें नेपाली मूल की तीन महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने स्पा सेंटर सील कर दिया है। बीती रात पुलिस को नैनीताल रोड स्थित गोल्ड स्पा सेंटर में अनैतिक धंधे की शिकायत मिली थी जिसके बाद पुलिस और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल की टीम ने स्पा सेंटर में छापा मार दिया। पुलिस ने मौके से 6 लोगों को गिरंतार कर लिया जिसमें नेपाली मूल की तीन महिलाएं भी शामिल हैं। स्पा सेंटर को तहसीलदार सचिन कुमार की मौजूदगी में सील कर दिया गया। बताया जा रहा है कि फाजिल नामक युवक गोल्ड स्पा में देह व्यापार का धंधा संचालित कर रहा था। आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। पकड़त्रे गए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में फैज निवासी गौजाजाली, सुरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम हरकोट थाना कपकोट जिला बागेश्वर हाल कर्मचारी पिज्जा किंग गदरपुर, योगेश निवासी खानपुर थाना गदरपुर, गौरी बिक निवासी शान्तिपुर थाना छिनचू जिला सुरखेत नेपाल हाल किरायेदार कालिका मन्दिर के पास रम्पुरा रूद्रपुर, प्रिया निवासी ऐरीबंग थाना घड़तीगांव जिला रोलपा नेपाल हाल किरायेदार कालिका मन्दिर के पास रम्पुरा रूद्रपुर, प्रियंका निवासी नौ नम्बर धनगढी नेपाल हाल किरायेदार कालिका मन्दिर के पास रम्पुरा रूद्रपुर शामिल हैं। जबकि लाइन नंबर 8 वनभूलपुरा में रहने वाला फाजिल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस टीम में एएचटीयू प्रभारी एसआई मंजू ज्वाला, भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी देवेंद्र राणा, हे.कां. संजीत राणा, महिला हे.कां. गीता कोठारी, कां. घनश्याम रौतेला, महेन्द्र सिंह भोज शामिल रहे।




### पुलिस से तेज निकला स्पा संचालक का मुखबिर तंत्र

स्पा सेंटर संचालक का मुखबिर तंत्र पुलिस से तेज निकला। उसे पुलिस के छापे की खबर पहले ही मिल गई जिस कारण से वह पहले ही मौके से भाग निकला। इसमें एक कथाकथित पत्रकार का नाम सामने आ रहा है। उसने पहले इस धंधे की सूचना पुलिस को दी थी जिसके बाद उसने ही स्पा सेंटर संचालक को छापे की खबर दे दी।

# रविवार को खुले बिजली व पानी के बिलिंग काउंटर

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन जिले भर में बिजली विभाग व जल संस्थान के बिलिंग काउंटर खुले रहे। हालांकि काउंटरों में ज्यादा ाीड़ नहीं रही। वहीं बैंकों में भी कामकाज हुआ।

यूपीसीएल के अधीक्षण अभियंता नवीन मिश्रा ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन रविवार को जिलेभर में टीपीनगर, कमलुवागांजा, सुभाषनगर, डीजल पंप हाउस, लालकुआं, तिकोनिया, नैनीताल भीमताल, भवाली, कालाढूंगी रामनगर के 11 काउंटर खुले रहे। इसके अलावा फील्ड कर्मचारियों ने भी बिलों की वसूली के लिए अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी में एसई आफिस, विद्युत वितरण खंड शहर व ग्रामीण डिवीजन भी खुले रहे। दिन ार वित्तीय वर्ष संबंधी कार्य निपटाये गये। उन्होंने बताया कि 31 मार्च को आफिस खोलने संबंधी आदेश भी उत्तराखंड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड मुख्यालय से जारी किये गये थे। वहीं जल संस्थान के भी बिलिंग काउंटर खुले रहे, तमाम लोगों ने आफिस पहुंच पानी का बिल जमा कराया। तिकोनिया, शीशमहल, ऊंचापुल के काउंटर खोले गये थे।





### बिल न मिलने से उपभोक्ता परेशान

शहर के तमाम उपभोक्ताओं को इस महीने का बिल प्राप्त नहीं हुआ। ऐसे में आज वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन रविवार को बिल जमा करने के लिए उपभोक्ताओं को फोन किये गये। इस बीच जल संस्थान पहुंचे उपभोक्ताओं ने बताया कि बिल न मिलने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### बिजली काटी, फिर जोड़ी

**हल्द्वानी।** बिजली बिल बकाया न देने पर यूपीसीएल ने नगर निगम की स्ट्रीट लाइटों का संयोजन काट दिया था हालांकि कुछ घंटे बाद इसे जोड़ दिया गया। इससे पहले विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम की भी बिजली काटी थी।

### निर्देश

- बैंकों में हुआ कामकाज
- चालू वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन कार्यालय खोलने के दिये गये थे निर्देश

### बैंकों ने निपटाया लेखा-जोखा

चालू वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन बैंकों में भी कामकाज हुआ। इस दौरान सरकारी लेन-देन का लेखा जोखा निपटाया गया। साथ ही लोन वाले प्रकरणों का निस्तारण किया गया। हालांकि रविवार को बैंक आम लोगों के लिए बंद रहे।



## क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आज

**नैनीताल।** डीएसए मैदान में केनरा बैंक नैनीताल द्वारा प्रायोजित स्वर्गीय एन. के. आर्या मेमोरियल क्रिकेट कप प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला शनिवार को माउंटेन वॉरियर्स और मक्कार स्पोर्ट्स ग्रुप के मध्य खेला गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए मक्कार स्पोर्ट्स ग्रुप ने 118 रनों का लक्ष्य रखा जवाब में माउंटेन वॉरियर्स केवल 112 रन ही बना सकी। मक्कार स्पोर्ट्स ग्रुप ने 6 रनों से मैच में जीत दर्ज की। अंपायर सौरभ रावतए अर्जुन बिष्ट रहे। स्कोरर मोहित बिष्ट रहे।

इस दौरान अभिषेक आर्या, मोहित आर्या, प्रमोद कुमार, हरीश राणा, मुकेश कुमार, विपिन खुल्वे तथा हरीश कुमार उपस्थित रहे। दूसरी ओर अब रविवार (आज) दोपहर में 12 बजे से प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला न्यू चैलेंजर बनाम मक्कार स्पोर्ट्स ग्रुप के बीच खेला जाएगा,प्रतियोगिता की समाप्ति के बाद शाम को तीन बजे से विजेता व उप विजेता टीमों को अतिथियों की ओर से पुरुस्कृत किया जाएगा।



# नैनीताल में वीकेंड पर पर्यटकों की उमड़ी भीड़

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में वीकेंड के विशेष मौके पर अन्य दिनों की तुलना में सुबह से लेकर शाम तक पर्यटकों की काफी भीड़-भाड़ नजर आयी। पर्यटकों की भीड-भाड़ बढने् की वजह से पर्यटन कारोबार से जुड़े कारोबारी लोगों को भी काफी राहत मिली,संभावना जतायी जा रही है कि आने वाले कुछ दिनों तक नगर में पर्यटकों की भीड़-भाड़ और बढ़ेगी।

बता दें नैनीताल के पर्यटन कारोबारियों को हर माह वीकेंड का बेसब्री से इंतजार रहता है। अबकी बार वीकेंड से पहले यानि होली व गुडफ्राइडे के अवकाश की वजह से यह पूरा हसा पर्यटन कारोबारियों के लिए खासा राहत भरा रहा। शनिवार को भी देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे पर्यटकों ने नगर में खूब मौज मस्ती की। पर्यटकों ने नैनी झील में नौका विहार का आनंद लेने के साथ ही दर्शनीय स्थलों के दीदार किए। नगर के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में से एक चिडियाघर में दिनभर में 1437,कुमाऊं मंडल विकास निगम की ओर से सूखाताल में संचालित किए जा रहे केव गार्डन में 1089,नारायणनगर स्थित हिमालयन बाटनिकल गार्डन में 307,नैनीताल-कालाढूंगी मोटर मार्ग स्थित वुडलैंड वाटर फाल में 909 पर्यटकों ने सैर सपाटा गया। इसके साथ ही बारापत्थर,खुर्पाताल,सरिताताल,हिमालय दर्शन, किलबरी,पंगूट,हिमालय दर्शन, स्नोव्यू, हनुमानगढ़ी समेत अन्य दर्शनीय स्थलों में खूब रौनक देखने को

# हल्दूचौड़ में एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

विद्यार्थियों के कैरियर चुनाव सबंधी परामर्श एवं निर्देशन हेतु जिले के पीएमश्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इण्टर कॉलेज हल्दूचौड़ में शनिवार को एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान मार्गदर्शक के रूप मे लाइफ स्किल कोच डी. एस. कोटलिया, ई बिट्स एजुकेशन फ उंडेशन के नरेंद्र सिंह एवं सैन्य बलों हेतु तैयारी कराने वाले डी. पी. पाठक, बाल सखा प्रकोष्ठ प्रभारी भुवन चंद्र मठपाल, सीबीएस सी कोऑर्डिनेटर डॉ. हिमांशु पांडे एवं अकादमिक कॉर्डिनेटर अंजू भट्ट द्वारा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को विभिन्न जानकारियां दी गयीं।

इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक व संस्था के प्रधानाचार्य एस. सेंगर ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट तथा जन प्रतिनिधि रोहित बिष्ट आदि अतिथियों का बैज अलंकरण कर स्वागत किया। इस अवसर पर एसएमसी की अध्यक्ष विनिता एवं पीटीए अध्यक्ष ललिता परगाई सहित विभिन्न शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट द्वारा राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कॉंग्रेस देहरादून में प्रतिभाग करने वाले बाल वैज्ञानिकों में हल्दूचौड़ की चेष्टा बोरा एवं शेमफोर्ड विद्यालय के अक्षत सहित उनके मार्गदर्शक शिक्षकों डॉ. हिमांशु पांडे एवं अंजू भट्ट को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

विधायक डा.बिष्ट द्वारा बड़े सरल भाव से बच्चों को कैरियर काउंसिलिंग के मूल उद्देश्य पर बोलते हुए सभी को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों क्रमशः सीमा जोशी, मीनाक्षी दानी, प्रियंका पांडे, सोनी जोशी, राजेश पांडे, गिरीश शर्मा, डॉ. शचीन्द्र पाठक, गोपाल सिंह, डॉ. दिनेश जोशी, हेम जोशी सहित रोवर ललित एवं विमल तथा रेंजर बबली अधिकारी, स्काउट हर्षित रावत, धीरज, भास्कर तथा गाइड चेष्टा जोशी आदि ने सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन भुवन मठपाल एवं डॉ. हिमांशु पांडे ने संयुक्त रुप से किया।

### रोजा एक बेहतरीन इबादत है



जब रमजान आता है तो जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं और जहन्नम के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं जब रमजान की पहली रात शुरू होती है तो शैतान और जिन को कैद कर लिया जाता है रमजान में एक रात 1 हजार महीने से बेहतर है जो उससे महरूम रहेगा वह हर चीज से महरूम रहेगा, रोजा रखकर जब इंसान खाने-पीने वगैरा अमल को छोड़ता है और बुरे अखलाक व बुरी आदतों से किनारा करता है और अल्लाह को राजी करने के लिए अपनी ख्वाहिशों को रद्द करता है तो इंसान के बदन से एक नूरानी रंग झलकने लगता है तो वह कुर्बे इलाही को पा लेता है कुराने पाक में रोजे का एक मकसद तकवा यानी परहेजगारी भी बयान किया गया है हमारे आका ने तीन बार सीने की तरफ इशारा करके फरमाया तकवा यानी परहेजगारी यहां है परहेजगारी दिल की उस कैफियत का नाम है जिसके बाद बंदा गुनाह करने से डरता है। रोजा रखने से हैवानी कुव्वत कम होती है और शहवत को तोड़ने और कम करने के लिए रोजा एक बेहतरीन इबादत है।

**-मुफ्ती मोहम्मद जाबिर मिस्बाही, प्रिंसिपल, मदरसा इशातुल हक हल्द्वानी**

## NEWS / फटाफट

### क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आज

**नैनीताल।** डीएसए मैदान में केनरा बैंक नैनीताल द्वारा प्रायोजित स्वर्गीय एन. के. आर्या मेमोरियल क्रिकेट कप प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला शनिवार को माउंटेन वॉरियर्स और मक्कार स्पोर्ट्स ग्रुप के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मक्कार स्पोर्ट्स ग्रुप ने 118 रनों का लक्ष्य रखा जवाब में माउंटेन वॉरियर्स केवल 112 रन ही बना सकी। मक्कार स्पोर्ट्स ग्रुप ने 6 रनों से मैच में जीत दर्ज की। अंपायर सौरभ रावतए अर्जुन बिष्ट रहे। स्कोरर मोहित बिष्ट रहे। इस दौरान अभिषेक आर्या, मोहित आर्या, प्रमोद कुमार, हरीश राणा, मुकेश कुमार, विपिन खुल्वे तथा हरीश कुमार उपस्थित रहे। दूसरी ओर अब रविवार (आज) दोपहर में 12 बजे से प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला न्यू चैलेंजर बनाम मक्कार स्पोर्ट्स ग्रुप के बीच खेला जाएगा,प्रतियोगिता की समाप्ति के बाद शाम को तीन बजे से विजेता व उप विजेता टीमों को अतिथियों की ओर से पुरुस्कृत किया जाएगा। आयोजकों ने सभी खेल प्रेमी जनता से फाइलन मैच के अवलोकन व खिलाडियों का उत्साहवर्धन करने के लिए डीएसए मैदान में पहुंचने की गुजारिश की है।

### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**-संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# यूओयू में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर व्याख्यान

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कार्यान्वयन और उत्तराखण्ड राज्य'' विषय पर एक व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। व्याख्यान कार्यक्रम में यूजीसी के संयुक्त सचिव डॉ0 अभिचल कपूर मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए, विशिष्ट वक्ता के रूप में कुमाऊं विश्वविद्यालय के नई शिक्षा नीति के नोडल अधिकारी प्रो0 संजय पंत मौजूद रहे। व्याख्यान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसएसजे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 एस. एस. विष्ट मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूओयू के कुलपति प्रो. ओ. पी. एस. नेगी ने की। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता डॉ. अभिचल कपूर ने अपने व्याख्यान देने से पूर्व उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की सराहना की और कहा कि विश्वविद्यालय देश के अन्य राज्य मुक्त विश्वविद्यालयों के लिए एक प्रेरणा के रूप में साबित होगा। र

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. एस. एस. बिष्ट ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के वेहत्तर कार्यान्वयन और इसे धरातल पर फलिभूत हेतु शिक्षा के समग्र विकास को लेकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि इसे आंगनवाडी से लेकर विश्वविद्यालय तक शुरू कर, समग्र शिक्षा के मध्य एक बेहत्तर समन्वय स्थापित करना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए यूओयू के विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओ. पी. एस. नेगी ने कहा अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल कार्यान्वयन के लिए उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय पूर्णतः प्रयासरत है, विश्वविद्यालय ने स्नातक स्तर पर इसे पूर्णतः लागू कर दिया है। विशिष्ट वक्ता के रूप में कुमाऊं विश्वविद्यालय के राज्य एनईपी नोडल अधिकारी व वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. संजय पंत ने राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लेकर राज्य में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उठाए गए कदम, योजनाओं व नीतियों के कार्यान्वयन को लेकर पॉवर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण दिया ।

# वार्षिक परीक्षाफल व वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के सरस्वती शिशु मंदिर कालाढूंगी में वार्षिक परीक्षाफल एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। प्राथमिक वर्ग में प्रथम स्थान भैया ऋषभ मेहरा ने 98.35 फीसदी अंक प्राप्त किए जबकि पूर्व प्राथमिक वर्ग में प्रथम स्थान रुद्रांश सिंह रावत ने 99.22 फीसदी अंक प्राप्त किए जबकि शिशु बाटिका में प्रथम स्थान मिसका गुप्ता ने 98.6 फीसदी अंक प्राप्त किए।

कार्यक्रम के मुख्य अथिति दीवान सिंह रावत (सेवानिवृत प्रधनाचार्य आई सी भीमताल) ने अपने पूज्य पिता स्व. डूंगर सिंह रावत की स्मृति में कक्षा व विभिन्न प्रतियोगिताओं में पहला, दूसरा तथा तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले सभी भैया बहिनों को मैडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट मुख्य अतिथि विपिन पाण्डेय सेवानिवृत पर्यटन अधिकारी कुमाऊं मंडल विकास निगम तथा विशिष्ट मुख्य अतिथि महात्माजी ज्ञान प्रभानंद हंस आश्रम कोटाबाग तथा कायक्रम की अध्यक्षता सेवा निवृत कर्नल पृथ्वीराज सिंह बिष्ट ने की।

कार्यक्रम में डॉ महेश चन्द्र जोशी प्रचारक हंस आश्रम कोटाबाग, दिवान सिंह बिष्ट विद्यालय के अध्यक्ष, राकेश भंडारी विद्यालय के व्यवस्थापक, प्रकाश नैनवाल, कोषाध्यक्ष राम सिंह नेगी, भगवान सिंह कुमटिया, प्रताप सिंह विष्ट ,किशन बन गोस्वामी, गोपाल बुडलाकोटी,पूरन सिंह बिष्ट,लक्षमण सिंह कतयुरा,गोपाल गोस्वामी एवं नगर के तमाम सम्भारंत लोग व विद्यालय के सभी अभिभावकों की उपस्थिति रहे।

# अभिमत

## विपक्ष काटेगा वोट

*बसपा के ज्यादातर प्रत्याशी मुस्लिम होने से कांग्रेस व सपा के उम्मीदवारों का वोट काटकर हार का अंतर बढ़ायेंगे। कांग्रेस, सपा और बसपा का मुसलमानों से अलग जनाधार बहुत कम है। बहुसंख्यक वोटर भाजपा के साथ खड़ा है। भाजपा पर साम्प्रदायिकता और धर्म की राजनीति का आरोप लगाने वाले विपक्षी दलों ने देश के मतदाता को हिन्दू-मुस्लिम में बांट दिया है। राममंदिर के मुद्दे ने हिन्दू को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाई है। बहुसंख्यकों का पॉकेट वोट विपक्षी पार्टियों के पास बहुत कम है। सीटों का बंटवारा नहीं कर पाने के कारण विपक्षी पार्टियों के उम्मीदवार आपस में ही वोट काटेंगे और भाजपा उम्मीदवारों की जीत का आंकड़ा बढ़ेगा।*

विपक्ष को एकजुट करने और गठबंधन बनाकर भारतीय जनता पार्टी को हराने की कोशिश चुनाव से पहले ही असफल हो गई है। सत्ता में वापसी के लिए छटपटा रही कांग्रेस ने (इंडिया) गठबंधन बनाया। मंच पर एक साथ विपक्ष के नेता पहुंचे और केन्द्र में भाजपा सरकार की नीतियों को गलत बताते हुए चुनाव में भाजपा को परास्त कर सत्ता से बेदखल करने का दावा किया। विपक्ष के नेताओं ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर व्यक्तिगत टिप्पणी भी की। लोकसभा चुनाव से पहले सीटों के बंटवारे पर सहमति नहीं होने से विपक्षी गठबंधन बिखर गया। अलग-अलग प्रत्याशी घोषित करने पर विपक्षी दल एक-दूसरे से आपस में ही लड़ते नजर आ रहे हैं। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने सीटों का बंटवारा करके एकजुटता से विपक्ष को चुनौती पेश की है। भाजपा पर धर्म की राजनीति का आरोप लगाने वाले विपक्षी नेता सिर्फ मुस्लिम वोट के भरोसे जीतना चाहते हैं। मुस्लिम मतदाता असमंजस में है। बिहार में असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली पार्टी एआईएमआईएम ने 11 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। यह सभी सीटें मुस्लिम बाहुल्य हैं। उधर लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार भी मुस्लिम वोट के सहारे जीतने का सपना देख रहे हैं। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी तेलंगाना तक सीमित है। महाराष्ट्र, बिहार, उत्तर प्रदेश में कई बार असदुद्दीन ओवैसी ने जनाधार तैयार करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। ओवैसी चुनाव जीतकर संसद में अकेले ही मुस्लिमों का चेहरा बनने की पूरी कोशिश करते हैं। देश के मुसलमान उन्हें अपना नेता नहीं मानते हैं। बिहार में वोट काटकर ओवैसी कांग्रेस व राजद के उम्मीदवारों को हराने का काम करेंगे। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के बीच सीटों का बंटवारा हो गया है। बहुजन समाज पार्टी की मायावती ने अकेले चुनाव में उतरने का फैसला किया है। मायावती की नजर मुस्लिम वोटों पर है। बसपा के ज्यादातर प्रत्याशी मुस्लिम होने से कांग्रेस व सपा के उम्मीदवारों का वोट काटकर हार का अंतर बढ़ायेंगे। कांग्रेस, सपा और बसपा का मुसलमानों से अलग जनाधार बहुत कम है। बहुसंख्यक वोटर भाजपा के साथ खड़ा है। भाजपा पर साम्प्रदायिकता और धर्म की राजनीति का आरोप लगाने वाले विपक्षी दलों ने देश के मतदाता को हिन्दू-मुस्लिम में बांट दिया है। राममंदिर के मुद्दे ने हिन्दू को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाई है। बहुसंख्यकों का पॉकेट वोट विपक्षी पार्टियों के पास बहुत कम है। सीटों का बंटवारा नहीं कर पाने के कारण विपक्षी पार्टियों के उम्मीदवार आपस में ही वोट काटेंगे और भाजपा उम्मीदवारों की जीत का आंकड़ा बढ़ेगा। चुनाव पूर्व समीकरण से भाजपा की जीत सुनिश्चित है।

# रुद्रपुर पहुंचे सीएम धामी, पीएम की रैली स्थल का किया निरीक्षण



**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

रुद्रपुर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पीएम नरेंद्र मोदी के रैली स्थल का निरीक्षण किया। सीएम रुद्रपुर के मोदी मैदान पहुंचे है। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रुद्रपुर के मोदी मैदान पहुंचे है। इस दौरान सीएम धामी के साथ विधायक शिव अरोरा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, गुंजन सुखीजा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद हैं। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में सीएम धामी मोदी मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो अप्रैल को होने वाली रैली के मद्देनजर निरीक्षण करने पहुंचे है। इसके बाद सीएम पार्टी जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगें।

बता दें कि, प्रधानमंत्री दो अप्रैल को 12 बजे रुद्रपुर में जनसभा करेंगे। फिर उसी दिन जयपुर ग्रामीण में जनसभा करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की जनसभाएं भी तय हो गई हैं। वह तीन अप्रैल को पिथौरागढ़ व विकासनगर में जनसभा करेंगे।

उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों पर प्रचार के लिए सबसे ज्यादा डिमांड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की है। पार्टी के इन सुपर स्टार प्रचारकों के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की सबसे अधिक मांग है। पांचों सीटों पर उतारे गए प्रत्याशी कम से कम अपने चुनाव क्षेत्रों में इन सभी नेताओं की जनसभाएं कराने जाने के लिए जोर लगा रहा है।

## देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत 12 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के वाणिज्य विभाग में शनिवार को उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड के अधीन संचालित देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत 12 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम (ई0डी0पी0) का प्रारंभ कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में प्रो. अतुल जोशी ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत छात्र- छात्राओं को उद्यमिता एवं नवाचार के लिये प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अच्छे बिजनेस आइडियाज वाले छात्र- छात्राओं को विभिन्न पहलुओं पर उन्हें आगे बढ़ाने के लिये तथा उनकी सहायता हेतु और उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सहायक होगा।

उन्होंने प्रतिभागियों को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित करते हुआ कहा कि वर्तमान समय में रोजगार के सीमित अवसरों को देखते हुए रोजगार की तलाश करने की अपेक्षा रोजगार प्रदाता बनने का प्रयास नई पीढ़ी को करना चाहिये।

## फंदे पर झूली एक किशोरी, मौत, एक ने गटका जहर

**हल्द्वानी।** फांसी के फंदे पर झूलकर एक किशोरी ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं विषपान से एक युवती की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार दमुवाढूंगा निवासी 13 वर्षीय शगुन पुत्री रघुवंश सिंह ने बीती देर रात आत्महत्या कर ली। प्रात: जब रघुवंश सिंह मॉर्निंग वॉक पर जाने के लिए उठे तो शगुन का शव चुन्नी के सहारे पंखे से झूलता मिला। आनन-फानन में उसे फंदे से उतार कर बेस अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं दूसरी घटना में राजपुरा निवासी 20 वर्षीय आयुषी पुत्री अनिल कुमार ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसे हालत बिगड़ने पर अस्पताल भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है।

# राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**





कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने आज के दिन की शुरुआत गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में शीश झुका कर और गुरु गुरुनानक देव जी का आर्शीवाद प्राप्त कर की।

इसके उपरांत डेरा पहुंचकर कारसेवा डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह को श्रद्धांजलि दी.प्रकाश जोशी जी ने कहा कि बाबा तरसेम सिंह का सम्पूर्ण जीवन त्याग और समर्पण की गाथाओं से परिपूर्ण है। उनका असमय चले जाना सर्वसमाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि जब डेरा प्रमुख ही सुरक्षित नही तो आम जनता कैसे सुरक्षित होगी। भाजपा राज में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो चुकी है। खटीमा पहुँचने पर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी का जोरदार स्वागत किया, प्रकाश जोशी ने सर्वप्रथम शहीद पार्क पहुँच राज्य आंदोलन के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी उसके बाद खटीमा विधायक/उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने कहा कि कांग्रेस बेरोजगार युवाओं और प्रताड़ित किसानों की लड़ाई लड़ने का काम कर रही है और भाई प्रकाश जोशी मजबूती से इस लड़ाई को संसद में लड़ेंगे।विधायक गोपाल राणा ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार हर जगह से आम जनता का खून चूसने पर उतारू है। नानकमत्ता मे भय और जंगलराज हावी है। सितारगंज नगर पालिका के निर्वतमान अध्यक्ष हरीश दुबे एवं पूर्व राज्य मंत्री/ पूर्व पालिकाध्यक्ष अनवार अहमद ने दर्जनों समर्थकों संग कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर प्रकाश जोशी के नेतृत्व पर भरोसा करते हुवे आज कांग्रेस की सदस्यता ली। हरीश दुबे और अनवार अहमद ने कहा कि भाजपा चुने हुवे जनप्रतिनिधियों को उनके अधिकार से वंचित कर उनका उत्पीड़न करने में व्यस्त है और जनता त्रस्त है। इसके बाद किच्छा विधानसभा में चुनावी कार्यालय उद्घाटन संग कांग्रेस कार्यकर्ताओं संग सीधा संवाद कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी द्वारा किया गया।

पूर्व विधायक संजीव आर्य ने कहा कि निर्वतमान सांसद महोदय ने रक्षा राज्य मंत्री रहते हुवे अग्निवीर योजना के विरोध में एक शब्द नही बोला यह युवाओं के प्रति उनकी उदासीनता को दर्शाता है।

# फिल्मी दुनिया

## रणदीप हुड्डा का ओपेनहाइमर पर कटाक्ष





*अभिनेता रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर को लेकर सुर्खियों में हैं। इसी बीच अभिनेता अपने एक बयान के कारण हेडलाइंडस का हिस्सा बन गए हैं। रणदीप ने ऑस्कर विजेता फिल्म ओपेनहाइमर पर कटाक्ष किया है। उन्होंने इसे अमेरिकी प्रोपेगेंडा फिल्म बताया, जहां अमेरिकियों को नायक के रूप में चित्रित किया जाता है। रणदीप हुड्डा ने हिरोशिमा और नागासाकी बमबारी के बाद की ट्रेजेडी की ओर इशारा किया, जिसके कारण ये जापानी शहर नष्ट हो गया और कई लोगों की जान चली गई। यह फिल्म पहले परमाणु बम बनाने में शामिल जे. रॉबर्ट ओपेनहाइमर की कहानी पर केंद्रित है। एक इंटरव्यू में ओपेनहाइमर के सीन की आलोचना करते हुए अभिनेता ने कहा, अमेरिका ने ओपेनहाइमर को बनाया। उस आदमी ने परमाणु बम बनाया। यह कितनी दर्दनाक घटना थी... जापान में, हिरोशिमा और नागासाकी के नागरिकों पर, उन्होंने रात में बम विस्फोट किया। रणदीप हुड्डा ने अपनी बात में जोड़ा, क्या अमेरिका अच्छा है, उन्होंने वियतनाम में क्या किया? उनकी फिल्में प्रोपेगेंडा हैं, उनकी फिल्में पूरी दुनिया को बताती हैं कि हम सबसे अच्छे सेना हैं, हम अच्छे लोग हैं। जापानी, जर्मन बुरे हैं और इतिहास में भी यही बात है, क्योंकि उन्होंने इतिहास लिखा है।*

### हमेशा एलियंस आते रहते हैं

*रणदीप यहीं नहीं रुके और उन्होंने आगे कहा, वो तो यहां तक कहते हैं कि अमेरिका में हमेशा एलियंस आते रहते हैं। एलियंस केवल अमेरिका को ही देख सकते हैं। जानकारी हो कि सिलियन मर्फी को भौतिक विज्ञानी के रूप में पेश करने वाली ओपेनहाइमर ने इस साल ऑस्कर में जीत हासिल की, जिसे 2023 में रिलीज होने के बाद काफी प्रशंसा मिली। अपनी लोकप्रियता के बावजूद, फिल्म को ऐतिहासिक चित्रण के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा।*

# स्मैक तस्कारी में महिला समेत तीन लोग गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नशे का कारोबार दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है बढ़ते नशे के कारोबार ने युवाओं की जिंदगी में जहर घोल दिया है नशे की लत युवाओं को अपराध की और बढ़ रहा है ।

नगर के सभी थाना प्रभारी यो ने चेकिंग अभियान चलाते हुए एक महिला सहित तीन लोगों को लाखों रुपए की स्पेस सहित गिरफ्तार किया है जिन्हें कार्रवाई करते हुए पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है। काठगोदाम थाना प्रभारी विमल कुमार मिश्रा ने अपने दलबल के साथ गोलापुर खेड़ा चौराहे पर अभियान चलाया जहां पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को 12.1 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है तस्कर ने अपना नाम अमित कुमार निवासी सुल्तान नगरी गोलापुर बताया। वही बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी ने केंद्रीय अभियान चलाते हुए गफूर बस्ती वार्ड नंबर 24 निवासी नईम को चोर गलियां रोड रेलवे फाटक के पास से 12.40 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है उधर मुखानी थाना प्रभारी संजय जोशी अपनी टीम के साथ कुसुम खेड़ा चौराहे पर चेकिंग अभियान चला रहे थे।

इस दौरान पुलिस ने अंजू आर्य पत्नी संजय आर्य निवासी मुखानी को 11.45 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों कैफ्लॉक एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है। को नितिन लोहनी ने बताया की पकड़े गए तस्करों से 35.86 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि 10 करोड़ ने कुछ अन्य तत्वों के नाम भी उजागर किए हैं पुलिस उनको भी जल्द गिरफ्तार करेगी सी ओ नितिन लोहनी ने बताया कि पकड़ी गई स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 10 लाख रुपए की आंकी गई है।

News कॉर्नर

## शराब की दुकानों में पुलिस का छापा, दुकान संचालकों को दी सख्त हिदायत

**हल्द्वानी।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपादित कराने के लिए पुलिस पूरी मुस्तैदी से जुटी हुई है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर सीओ लालकुआं संगीता के नेतृत्व में पुलिस ने लालकुआं क्षेत्र में संचालित लाइसेंसी शराब की दुकानों की चैकिंग की। उन्होंने संचालकों को आचार संहिता का पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही हिदायत भी दी कि कोई भी अनैतिक गतिविधि ना करें अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चेकिंग के दौरान प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## 30 पेटी शराब के दो लोग गिरफ्तार

**हलनी।** लोकसभा चुनाव में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस शराब तस्करों पर पैनी नजर रखे हुए है। इसी क्रम में टीपी नगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट पुलिस ने हरिया नेपाली का खोका से हरीश बिष्ट उर्फ हरिया नेपाली पुत्र अमर सिंह निवासी आदर्श कॉलोनी मानपुर पश्चिम देवलचौड़ को 15 पेटी मसालेदार देशी शराब मार्का व 37 पव्वे अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। टीम में चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट, हे.कां. दिगम्बर सनवाल, कां. अनिल टम्टा, तारा सिंह शामिल रहे। वहीं चौकी प्रभारी क्कारव गोविंदी टम्टा व टीम ने ग्राम चापड क्कारब के पास से पंकज कुमार पुत्र ललित मोहन ग्राम चापड पोस्ट मौना को 24 बोतल दबंग देसी शराब, 624 पव्वे गुलाब मार्का देसी शराब और 17 पव्वे दबंग मार्का देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# 15वें हिमालय व तिब्बत को नापने वाले पंडित नैन सिंह रावत स्मृति व्याख्यानमाला

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के भूगोल विभाग में शनिवार को 15वें हिमालय और तिब्बत को नापने वाले पंडित नैन सिंह रावत स्मृति व्याख्यानमाला आयोजित की गयी।

इससे पूर्व भूगोल के विभागअध्यक्ष पो0 आर0सी0जोशी ने व्ख्यामानमाला में मौजूद सभी अतिथियों व अन्य लोगों का विभाग की ओर से स्वागत किया । इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूगोलविद् प्रो. जे0 एन0 पाण्डे (गोरखपुर विश्वविद्यालय) ने भारतीय संस्कृति पर व्याख्यान दिया। प्रो. पांडे ने कहा कि भारत की सभ्यता ने इसे अलग एवम श्रेष्ठ



बनाया है । उन्होंने शहर के नाम पर बाद तथा पुर लगाने के पीछे अंग्रेजों के सोच बताया। प्रो. पांडे ने कहा कि भारत पर आतताईओं ने हमले करे पर भारत जो विविधता का देश है वह कभी कमजोर नहीं हुआ। एमबीपीजी कॉलेज के प्रो. बी0आर0 पन्त ने पंडित नैन सिंह के कार्य प्रस्तुत किया जबकि कुमाऊं विवि के निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रो. ललित तिवारी ने पं0 नैन सिंह रावत स्मृति पर प्रो. जे. एन. पांडे को शॉल ओढाकर सम्मानित किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि पंडित नैनसिंह रावत का जन्म 21 अक्टूबर 1830 को जोहार घाटी के मिलम गॉव में हुआ था,उन्होंने 19 वीं शताब्दी में तिब्बत को पैदाल नापा था। उन्होंने हिमालय की लंबी- लंबी पैदल यात्राएं कर दुनिया के सामने तिव्वत का नक्शा तैयार किया था। कहा कि उन्होंने ब्रह्मपुत्र नदी के साथ लगभग 800 किलोमीटर पैदल यात्रा की और स्वांग पो और ब्रह्मपुत्र एक ही नदी है।

ल्हासा की समुद्रतल से ऊचाई एवं अक्षांश देशान्तर क्या है सबसे पहले दुनिया को बताया। कहा कि पैदल सर्वे करने वाले नैन सिंह को अंग्रेजो ने उस दौर में बड़े माने जाने वाले काम्पेनियन इंडियन अवार्ड से सम्मानित किया था। रायल ज्योग्राफ ीकल सोसाइटी द्वारा दिए जाने वाले सम्मान विक्टोरिया स्वर्ण पदक पाने वाले वह पहले भारतीय थे। कार्यक्रम में डॉ. मोहन लाल,डॉ. गोकुल सत्याल एमबीपीजी कॉलेज, डॉ. मसूम रेजा,डॉ. रेखा विसनो तथा लक्ष्मण सहित शोधार्थी एवम् विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

# वाहन चैकिंग के दौरान एक लाख छत्तीस हजार की नगदी बरामद

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

लोकसभा चुनाव के मध्य नजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन पर तल्लीताल थाना अध्यक्ष रमेश सिंह बोरा के नेतृत्व में पुलिस और एस एस टी द्वारा चेकिंग अभियान लगातार जारी है।

बीते रोज शनिवार को एसएसटी टीम द्वारा जोलीकोट बैरियर पर वाहन चेकिंग के दौरान समय करीब 12.20 पीएम पर एक लाल रंग की मारुति ब्रेजा जो हल्द्वानी से नैनीताल को आ रही थी को रोककर चेक किया गया तो गाड़ी की डिग्गी में ब्राउन कलर के लैपटॉप के बैग में रुपए-136500 नगद कैश बरामद किया गया।

मौके पर वाहन स्वामी सुधीर सरोहा पुत्र धर्म सिंह निवासी सेक्टर 15 सोनीपत हरियाणा से उक्त नगदी केश रखने के कागजात व प्रमाण मांगे गए



तो मौके पर नहीं दिखा पाए जिस हेतु आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत लागू आचार संहिता के नियमानुसार उक्त धनराशि के वेध प्रपत्र प्रस्तुत न करने पर राशि को मौके पर टीम द्वारा जप्त किया गया इससे पूर्व भी जोलीकोर्ट बैरियर पर एसएसटी टीम द्वारा रुपए दो लाख धनराशि जप्त की जा चुकी है इस मौके पर एसएसटी टीम के मनोज कुमार एस एस टी प्रभारी ,संदीप सिंह नेगी अपर उप निरीक्षक एसएसटी टीम में पुलिस टीम के प्रभारी ,कांस्टेबल दिनेश कार्की वह अन्य एसएसटी टीम के सदस्य मौजूद थे।



# पुलिस ने 1 लाख 22 हजार की नगदी पकड़ी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

लोकसभा चुनाव जितना नजदीक आ रहा है वहीं पुलिस प्रशासन की टीम अधिक सक्रिय होती नजर आ रही है। टीम लगातार वाहनों की चेकिंग करती नजर आ रही है और कहीं हद तक टीम को सफलता भी मिल रही है।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के दौरान निर्वाचन विभाग लगातार बाहर से आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग करने में लगा हुआ है, एसएसटी टीम व काठगोदाम थाना प्रभारी विमल कुमार मिश्रा को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। काठगोदाम चेक पोस्ट के पास चेकिंग अभियान चल रहा था । विधानसभा की एसएसटी टीम सहित काठगोदाम थाना पुलिस ने निवासी गली नंबर 8 मंडावली फासल पूर पूर्वी दिल्ली में रहने वाले पवन कुमार सोलंकी पुत्र रामवीर सिंह सोलंकी को उसे वक्त गिरफ्तार कर लिया जब वह अपनी कर संख्या डी एल/सी एल। 7224 को चेकिंग के लिए रोका जब पुलिस ने की तो उसके पास से 1 लाख 22 हजार नगद बरामद किए हैं। जब टीम ने दस्तावेज मांगे युवक सकपका गया दस्तावेज न दिखाने पर एसएसटी की टीम ने नगदी अपने कब्जे में ली हल्द्वानी विधानसभा के एआरओ/ सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया एसएसटी की टीम लगातार चेकिंग करने में लगी हुई है, काठगोदाम चेक पोस्ट के पास पूर्वी दिल्ली के रहने वाले एक व्यक्ति के पास से 1 लाख 22 हजार रुपए नगद मिले।

# एस्ट्रोवर्स ने रॉकेट्री प्रतियोगिता का आयोजन




**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

आईआईटी दिल्ली में एस्ट्रोवर्स ने रॉकेट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया। बता दें नैनीताल में स्तिथ उत्तराखण्ड स्टार्टअप एस्ट्रोवर्स एक्सपीरियंस प्राइवेट लिमिटेड

ने अपने अद्वितीय प्रयासों और उत्कृष्टता के साथ एक नई उपलब्धि हासिल की है। उत्तराखंड मैं अंतरिक्ष शिक्षा और खगोलीय पर्यटन के क्षेत्र पहचान बना चुकी एस्ट्रोवर्स ने आईआईटी दिल्ली के ट्राइस्ट - भारत के सबसे बड़े तकनीकी उत्सव में रॉकेटरी प्रतियोगिता का आयोजन 29 मार्च, 2024 को एस्ट्रोवर्स एक्सपीरियंस प्राइवेट लिमिटेड ने आईआईटी दिल्ली के छात्रों के लिए एक रॉकेट्री वर्कशॉप का आयोजन किया। इस वर्कशॉप के दौरान, छात्रों को रॉकेट्री के साथ-साथ रॉकेट के एरोडायनामिक डिज़ाइन के बारे में शिक्षा प्रदान की गई। प्रत्येक टीम ने अपने रॉकेट का डिज़ाइन किया और फिर उन्होंने इन रॉकेट्स उड़ान परीक्षण किया । उड़ान परीक्षण होने के बाद छात्रों ने अपने रॉकेटों को आकाशयान प्रतिस्पर्द्धा (रॉकेटरी प्रतियोगिता) में लॉन्च किया।

प्रतियोगिता में, विजेता टीम ब्लास्टर्स ने अपने रॉकेट को 400 फीट की दूरी तय कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि उपविजेता टीम हौज़ खास ने अपने रॉकेट को 369 फीटस की दूरी तक उड़ाया और दूसरे उपविजेता टीम हाइड्रो थ्रस्टर्स ने भी 350 फीट तक की दूरी तय कर तीसरा स्थान अपने नाम किया और

शाम को, एस्ट्रोवर्स एक्सपीरियंस प्राइवेट लिमिटेड ने आईआईटी किया दिल्ली के छात्रों के लिए एक आकर्षक स्टारगेजिंग सत्र आयोजित किया। इस सत्र में, छात्रों को चंद्रमा, बृहस्पति, और ओरियन नेब्युला जैसे खगोलीय सब्जेक्ट के बारे में जानकारी प्राप्त करने का मौका मिला। अतिरिक्त गतिविधियों में सम्मिलिति तारामंडल शिकार, प्रकाश चित्रकला और खगोल फोटोग्राफी भी शामिल थीं।

## डायल 112 बनी मददगार खोए व्यक्ति को ढूंढ निकाला

**हल्द्वानी।** जिला पुलिस की डायल 112 एक व्यक्ति के लिए मददगार साबित हुई। घने जंगल के बीच खोए व्यक्ति को पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर ढूंढ निकाला। व्यक्ति ने पुलिस द्वारा मदद करने पर आभार जताया है। दरअसल पुलिस को डायल 112 पर एक व्यक्ति के कैंची धाम के ऊपर घने जंगल में गुम होने की सूचना मिली थी। जंगल में गुम हुआ व्यक्ति श्रावस्ती जिले का रहने वाला रक्षादास पुत्र देववेन था।

# घर- घर नलों में पानी पहुंचने के बाद ग्रामीणों में खुशी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कई दशकों से पानी की समस्या से जूझ रहे नैनीताल जिले के देवीधुरा गांव के घरों में जल जीवन मिशन के तहत पानी पहुंच गया है। घर- घर नलों में पानी पहुंचने के बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

बता दें कि नैनीताल से मात्र 13 किलोमीटर देवीधूरा गांव में कई दशकों से लोग पीने के पानी की समस्या झेल रहे थे। जिसको देखते हुए 17 सितंबर 2021 को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व पूर्व विधायक संजीव आर्य ने ऐपाल देवता इंटर कालेज में 189.38 लाख की देवीधूरा कूण पेयजल पंपिंग योजना का शिलान्यास किया था। जिसके बाद जल निगम ने पंपिग योजना का काम शरू कर दिया था। जल निगम की ओर से क्षेत्र में लाइन बिछाने व टैंक बनाने के बाद अब पेयजल लाइन में पानी चलाकर घर घर पानी दिया जा रहा है। घरों के सामने नलों में पानी देख ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

गांव में पानी पहुंचने पर ग्रामीणों ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व पूर्व विधायक संजीव आर्य का आभार जताया है।

वहीं पूर्व विधायक संजीव आर्य ने गांव में पानी पहुंचने पर ग्रामीणों को बधाई दी है,वही जल निगम के अपर सहायक अभियंता विवेक भट्ट ने बताया कि गांव की लाईनों में पानी चलाकर लाईनों की स्थिति की जांच की जा रही है। बताया कि जल्द ही देवीधूरा के साथ कूण गांव में भी पानी पहुंचा दिया जाएगा ।

# युवा पीढ़ी को देंगे उत्तराखंड की सांस्कृतिक परम्पराओं व धरोहरों की जानकारी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

अपने कर्मचारियों, छात्रों, शैक्षणिक संस्थानों तथा कॉर्पोरेट जगत व अन्य हितधारकों को कुमाऊं विश्वविद्यालय की गतिविधियों और नवाचारों के बारे में जानकारी प्रदान करने के विशेष मकसद से अब कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत की विशेष पहल पर कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा त्रैमासिक न्यूज लेटर का प्रकाशन किया जायेगा।

मामले को लेकर विश्वविद्यालय की प्रशासनिक भवन में शनिवार को कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, साहित्यिक व सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों के प्रचार-प्रसार एवं इस गतिविधियों में विद्यार्थियों की अधिक



से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि अप्रैल माह से कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा त्रैमासिक न्यूज लेटर का प्रकाशन किया जायेगा जिसमें शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुसंधान, सफ लताओं तथा परिसरों में आयोजित विभिन्न गतिविधियों, संकाय और छात्र उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के साथ ही देवभूमि उत्तराखंड की सांस्कृतिक परम्पराओं और धरोवरों से युवा पीढ़ी को अवगत कराया जाएगा।

बैठक में यह भी तय किया गया कि त्रैमासिक न्यूज लेटर के संपादक - मंडल में छात्रों को भी सम्मिलित किया जाएगा ताकि इसके माध्यम से छात्रों को समाचार एकत्र करने, लिखने और प्रस्तुत करने के साथ ही संपादकीय लेख, फ ीचर, कॉलम, कार्टूनिंग व स्केचिंग के साथ ही फोटोग्राफ ी व संपादन और लेआउट डिजाइनिंग की प्रक्रिया का प्रशिक्षण भी दिया जा सके। बैठक में विवि की डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, कुलसचिव दिनेश चंद्रा, वित्त-नियंत्रक अनीता आर्या, मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ0 महेंद्र सिंह राणा समेत प्रो0 शिरीष मौर्या, डॉ0 राजेश्वर कमलकांत, डॉ0 शिवांगी चन्याल, डॉ0 जीतेन्द्र लोहनी तथा के.के. पांडेय आदि उपस्थित थे।